# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान को फ्रेंचाइजी व्यवसाय से मिलेगी रफ्तार

- जिला उद्योग केंद्र ने शुरू किया योजना का क्रियान्वयन, 30 आवेदन मिले
- योजना के लिए आवेदन करने वाले पात्र युवाओं का चयन किया जाएगा

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडाः उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का लगातार प्रयास कर रही है। अब मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान से फ्रेंचाइजी व्यवसाय को जोड़कर योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया है। गौतमबुद्ध नगर में जिला उद्योग केंद्र ने स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं से आनलाइन माध्यम से आवेदन लेने शुरू कर दिए हैं। अभी तक विभाग को करीब 30 आवेदन मिले हैं।

उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने बताया कि शासन से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान में फ्रेंचाइजी व्यवसाय को बढ़ावा देने के निर्देश मिले हैं। जिले में एमएसएमई विभाग ने फ्रेंचाइजी व्यवसाय से पात्र आवेदकों को जोड़ने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियों से चर्चा कर पंजीयन शुरू करा दिया है। अभी तक अमूल, पराग डेयरी, टोफू, बिस्किट की कई कंपनियां, सत्तू समेत अन्य खाद्य सामग्री बनाने वाली करीब छह से आठ कंपनियों का फ्रेंचाइजी व्यवसाय के लिए पंजीयन कराया गया है। योजना के लिए आवेदन करने वाले पात्र युवाओं का चयन किया जाएगा। इसके बाद फ्रेंचाइजी कारोबार शुरू कराने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाया जाएगा। इसके बाद संबंधित कंपनियों की फ्रेंचाइजी दिलाने का कार्य किया जाएगा।

फ्रेंचाइजी व्यवसाय से जुड़ने वाले युवाओं के कारोबार को रफ्तार पकड़ने में अधिक समय नहीं लगेगा। क्योंकि अधिकतर बड़ी नामी कंपनियों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है। जिनके बनाए प्रोडक्ट की खासी मांग रहती है। ऐसे में व्यवसाय शुरू करते ही कमाई होने लगेगी। इससे बेरोजगार युवा स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनेंगे। उपायुक्त ने बताया इच्छुक युवा आनलाइन माध्यम से आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।